# भारतीय मानक ब्यूरो

(लखनऊ शाखा कार्यालय)

हमारा संदर्भ : ल.शा.का./हिंदी पखवाडा 2025 — 09 अक्टूबर 2025

विषय — हिंदी पखवाड़े के आयोजन से सम्बनिधत रिपोर्ट

भारतीय मानक ब्यूरो लखनऊ शाखा कार्यालय में हिंदी पखवाड़े का आयोजन दिनांक 12 सितम्बर 2025 से 28 सितम्बर 2025 तक किया गया। जिसमें लखनऊ शाखा कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया । दिनांक 12.09.2025 को हिंदी पखवाड़े का शुभारम्भ करते हुए शाखा प्रमुख श्री सुधीर बिश्नोई जी ने कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने पर जोर दिया ताकि हिंदी पत्राचार को शत-प्रतिशत बढ़ाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा लखनऊ शाखा कार्यालय चूँकि क क्षेत्र में आता है इसलिए हमें सभी कार्य हिंदी में किये जाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने यथासम्भव हिंदी में ई मेल भेजे जाने पर भी जोर दिया। पखवाड़े के दौरान हिंदी प्रयोग के प्रति कर्मचारियों की अभिरूचि एवं दक्षता को बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे स्लोगन प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता और वर्गपहेली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

हिंदी पखवाडे का समापन समारोह दिनांक 26.09.2025 को आयोजित किया गया । इस अवसर पर प्रमुख महोदय ने कहा की शाखा में नियुक्त सभी अधिकारी एवं कर्मचारी हिंदी भाषी हैं इसलिए हिंदी का प्रयोग अधिक दक्षता पूर्वक करने में सक्षम हैं। जितना हम हिंदी बोलने में प्रयोग करते हैं उतना ही यदि हम कार्यालय के दैनिक कामकाज में प्रयोग करें तो हिंदी कार्य को शत-प्रतिशत बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। हिंदी पखवाडा समापन समारोह के दौरान ही हिंदी पखवाडे के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में सम्मिलित विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया और अंत में श्री शरद कुमार वैज्ञानिक-डी एवं संयुक्त निदेशक, जी ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। इस पखवाडे के दौरान कुछ फोटोग्राफ भी लिए गए जिसे इस नोट के साथ संलग्न करके मुख्यालय द्वारा प्रकाशित पत्रिका में प्रकाशित करने हेतु भेजा जा रहा है।

संलग्नक : यथोपरि।

(शुभा आदेश)
निजी सचिव एवं हिंदी नोडल कर्मचारी

09/10/2025

प्रमुख, ल.शा.का.
प्रमुख, हिंदी विभाग, भा.मा.ब्यूरो, मुख्यालय, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि:
1. उपमहानिदेशक, उपभोक्ता मामले विभाग, भा.मा.ब्यूरो, मुख्यालय, नई दिल्ली।
2. हिंदी अधिकारी, म.क्षे.का., भा.मा.ब्यूरो, नई दिल्ली।
3. प्रमुख, प्रकाशन विभाग, भा.मा.ब्यूरो, मुख्यालय, नई दिल्ली :- **अनुरोध है कि मानक दूत व अन्य पत्रिकाओं में प्रकाशित किया जाए।**



मानक ब्यूरो
शाखा कार्यालय)
2025
2025

